
श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 84 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 05 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया


## पंचायत भवन स्वीकृत, आंगनवाड़िया कर रही इंतजार

### बिना बिजली किराये के मकानों में हो रहा संचालन, विधानसभा में भी उठ चुका है मामला



**मंदसौर, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आंगनवाड़ियों को हाईटेक करने के लिए सरकार ने करोड़ो रुपए खर्च किए। लेकिन, आंगनवाड़ियों के भवनों की दशा दिशा और व्यवस्था को लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए। विधायक विपीन जैन ने छह माह पहले पंचायतों के भवन का मुद्दा उठाया था। साथ ही आंगनवाड़ी में बिजली व्यवस्था को लेकर भी सवाल किए थे। पंचायत भवनों के लिए हाल ही मे 11 करोड़ 62 लाख की स्वीकृति मिली है। जिससे 31 भवन बनाए जाएंगे। लेकिन, आंगनवाड़ी में अभी भी बिजली व्यवस्था को लेकर कोई खास प्रयास नहीं हुए। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है आंगनवाड़ियों के भवनों का। छोटे से किराये के भवनों में आंगनवाड़िया चल रही है। स्थिति यह है कि पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं ही कई जगहों पर नहीं है।

**343 में बिजली व्यवस्था ही नहीं...**

जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में कल का भविष्य बनने वाले बच्चों के लिए ना तो केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था है और न हीं उनके लिए गर्मी से राहत देने के लिए पंखे। छह माह पहले मंदसौर विधायक विपिन जैन ने विधानसभा में विभाग के माध्यम से प्रश्न कर जानकारी मांगी थी कि मंदसौर जिले में कितनी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बिजली कनेक्शन और लाइट, पंखों की व्यवस्था है। इसमें विभाग द्वारा सदन में बताया गया की जिले की 343 आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था नहीं है, इनमें मंदसौर उपखंड की 58, सीतामऊ की 40, गरोठ की 102, मल्हारगढ़ की 54, भानपुरा की 89 आंगनवाड़ी शामिल है।

**मैदान तो दूर, शौचालय तक नहीं...**

जिले में लगभग 1650 आंगनवाडी और मिनी आंगनवाडी केंद्र है। इसमें अधिकांश या तो किराये के मकान में या सरकारी स्कूलों में चल रही है। आंगनवाडी को लेकर सरकार की सोच है कि मासूम बच्चों का मानसिक के साथ शारीरिक विकास भी हो। लेकिन आंगनवाड़ियों में मैदान तो ठीक छोटे से कमरे में बैठने तक व्यवस्था नहीं है। शुद्ध पेयजल, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। आंगनवाडी भवनों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने और शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश सिर्फ कागजों पर ही चल रहे हैं।

**तीनों मौसम में परेशानी...**

कई आंगनवाड़ी में बिजली नहीं है। इससे कम प्रकाश वाले कमरों में भी बच्चों को काफी परेशानी होती है। पंखे नहीं होने से गर्मी में बच्चों को दिक्कत होती है। बारिश में अंदर पानी आने से कई आंगनवाड़ियों में अघोषित अवकाश हो जाता है।

**ये सुविधाएं होना अनिवार्य...**

✼ सूचना पटल जिस पर सप्ताह के कार्यक्रम, मीनू, समय व केंद्र का नाम हो। ✼ दीवारों पर चित्र, जो शाला पूर्व शिक्षा तथा नैतिक बातों का ज्ञान कराएं। ✼ बर्तन और पोषण आहार वितरण की व्यवस्था के लिए संसाधन। ✼ खेलने की जगह, पढ़ाई के लिए अलग कक्ष ✼ बच्चों के उपयोग के लिए सुविधाघर। ✼ बैठक के लिए पर्याप्त व्यवस्था। ✼ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था। ✼ शिक्षण सामग्री की उचित व्यवस्था।

## लोकायुक्त ने नायब तहसीलदार को दिया नोटिस, उज्जैन बुलाया

### बाबू द्वारा रिश्वत लेने के मामले में करेंगे पूछताछ

**रतलाम, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नामली तहसील कार्यालय में रिश्वत लेने वाले बाबू के मामले में नायब तहसीलदार को भी तलब किया गया है। लोकायुक्त ने नामली नायब तहसीलदार मनोज चौहान को नोटिस देकर उज्जैन बुलाया है। रिश्वत मामले में नायब तहसीलदार की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। इस कारण लोकायुक्त ने नोटिस जारी किया है। नायब तहसीलदार को 07 जनवरी को उज्जैन लोकायुक्त कार्यालय में पूछताछ होगी।

बता दें कि उज्जैन लोकायुक्त ने रतलाम के नामली तहसील ऑफिस के बाबू प्रकाश पलासिया को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गुरुवार को गिरफ्तार किया था। पंचेड़ निवासी गणपत पिता दयाराम हाडा की शिकायत पर लोकायुक्त ने कार्रवाई की थी। बाबू ने फरियादी के पक्ष में फैसला देने के लिए 40 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। पूर्व में 5 हजार रुपए लिए और शेष 35 हजार तीन-चार दिन में देने को कहा। गणेश ने लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की। प्लान के मुताबिक गुरुवार को किसान को 15 हजार रुपए देकर क्लर्क के पास भेजा। क्लर्क ने फरियादी से अपनी टेबल की दराज में रुपए रखवाए। रुपए रखते ही लोकायुक्त टीम को इशारा मिला और क्लर्क को गिरफ्तार कर रुपए जब्त किए।

शिकायतकर्ता गणपत ने बताया ग्राम पंचेड़ में स्थित कृषि भूमि उसके पिता की मृत्यु के बाद स्वयं व उसके भाई, बहन व मां के नाम पर नामांतरण कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया था। कुछ समय बाद परिवार वालों ने उक्त भूमि उसे धोखे में रख जितेंद्र जाट को बेच दी। जिसके नामांतरण पर फरियादी तहसील ऑफिस में आपत्ति लगाई थी। आपत्ति के पक्ष में फैसला देने के लिए रिश्वत मांगी जा रही थी। इस पूरे घटनाक्रम में फरियादी ने नायब तहसीलदार का भी नाम लिया है।

## प्रयागराज: 13 जनवरी से शुरू हो रहा है महाकुंभ




**महाकुंभ 2025 शाही स्नान की तिथियां...**

- ✼ 13 जनवरी 2025 – पौष पूर्णिमा स्नान
- ✼ 14 जनवरी 2025 – मकर संक्रांति स्नान
- ✼ 29 जनवरी 2025 – मौनी अमावस्या स्नान
- ✼ 03 फरवरी 2025 – बसंत पंचमी स्नान
- ✼ 12 फरवरी 2025 – माघी पूर्णिमा स्नान
- ✼ 26 फरवरी 2025 – महाशिवरात्रि स्नान

**प्रयागराज, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिन्दू धर्म में सबसे महत्वपूर्ण उत्सव महाकुंभ इस साल लगने जा रहा है। महाकुंभ का आयोजन 12 साल बाद होता है, जहां पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। महाकुंभ का आयोजन चार तीर्थ स्थानों पर ही किया जाता है। इसका आयोजन प्रयागराज के संगम, हरिद्वार में गंगा नदी, उज्जैन में शिप्रा नदी और नासिक में गोदावरी नदी पर किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान पवित्र नदी में डुबकी लगाने से व्यक्ति को हर तरह के रोग-दोष और पापों से मुक्ति मिलती है।

**कहां और कब से शुरु होगा महाकुंभ...**

साल 2025 में महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में किया जाएगा। बता दें महाकुंभ 12 साल में एक बार लगता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन महाकुंभ आरंभ होगा और महाशिवरात्रि के साथ ही यह समाप्त होगा। इस साल महाकुंभ 13 जनवरी से आरंभ होगा और 26 फरवरी 2025 को समाप्त होगा। यह महाकुंभ पूरे 45 दिन तक रहेगा.

**महाकुंभ लगाने के लिए कैसे होता स्थान का चयन...**

महाकुंभ लगने का निर्णय देवताओं के गुरु बृहस्पति और ग्रहों के राज्य सूर्य की स्थिति के हिसाब से किया जाता है। आइए जानते हैं किस स्थान पर मेला लगेगा, इसका निर्णय कैसे होता है।

**हरिद्वार–** जब देवगुरु बृहस्पति कुंभ राशि में और सूर्यदेव मेष राशि में होते हैं तब हरिद्वार में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है।

**उज्जैन–** जब सूर्यदेव मेष राशि में और गुरु ग्रह सिंह राशि में होते हैं कुंभ मेले का आयोजन उज्जैन में किया जाता है।

**नासिक–** जब गुरु गृह और सूर्य देव दोनों ही सिंह राशि में विराजमान रहते हैं तो महाकुंभ मेले का आयोजन स्थल नासिक होता है।

**प्रयागराज–** जब गुरु ग्रह बृहस्पति वृषभ राशि में और ग्रहों के राजा मकर राशि में होते हैं तो महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में किया जाता है।

## चिंता में डाल रहे नए रोगों के वेरिएंट

### अब तीन राज्यों के अधिकारी करेंगे बैठक



**मंदसौर, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2024 में वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित नए वेरिएंट के मरीज ज्यादा सामने आए थे। इसको लेकर जनवरी के अंतिम सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग 3 राज्यों की क्रॉस बार्डर बैठक करेगा। इसमें राजस्थान, गुजरात के साथ आसपास के जिलों के अधिकारी, राज्य सलाहकार, जिला मलेरिया अधिकारी, मलेरिया निरीक्षक, सुपरवाइजर, मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, मलेरिया इंस्पेक्टर आदि शामिल होंगे। इसके लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

वर्ष 2024 में वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीज आज तक पूरी तरह से स्वस्थ्य नहीं हो पाए है। अब सीमावर्ती क्षेत्र से आने वाले मरीजों की जानकारी रखने और नए वेरिएंट को लेकर सावधानी बरतने के लिए 24 जनवरी को बैठक होगी। इसका उद्देश्य अन्य राज्य व जिलों में आने-जाने वाले मरीजों की मॉनिटरिंग कर जानकारी साझा करना है, ताकि बीमारी फैलने का अंदेशा न रहे।

बता दें कि बीते वर्ष 2024 में चार हजार से अधिक लोगों को वायरल बुखा हुआ था। इसके साथ ही पिछले साल से कहीं अधिक डेंगू के मरीज सामने आए थे।

**इन राज्यों के अधिकारी शामिल होंगे...**

बैठक में मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, नीमच, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, श्योपुर, मुरैना, गुजरात के वडोदरा, दाहोद, राजस्थान के बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा, कोटा, झालावाड़, बारां, सवाई माधौपुर, कौली और धौलपुर जिलों के 80 से अधिक अधिकारी शामिल होंगे। बैठक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगी।

**नए वैरिएंट पर करेंगे चर्चा...**

बैठक में 2024 के मरीजों के आंकड़ों के साथ बीमारी के नए वेरिएंट को लेकर चर्चा की जाएगी। इसमें वायरल बुखार के बाद हाथ-पैर में जकड़न, चांदीपुरा सहित अन्य नए वेरिएंट के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया जाएगा। साथ ही सुरक्षा और इंतजाम के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## बीजेपी :मंदसौर जिलाध्यक्ष को लेकर दिल्ली में चल रही खींचतान

**मंदसौर, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीजेपी जिला अध्यक्षों के चुनाव को लेकर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। करीब आधा दर्जन जिलों में जिलाध्यक्ष के नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। इसमें मंदसौर भी शामिल है। मंदसौर में वैसे तो पैनल में चार नाम गए है। जिसमें राजेश दिक्षीत, अजयसिंह चौहान, अनिल कियावत व गणपतसिंह आंजना का नाम बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इन तीनों के नाम पर पेंच अटका हुआ है। इसमें बड़े नेताओं में किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। यहीं कारण है कि नानालाल अटोलिया के वापिस रिपीट होने की भी संभावना बन रही है। इसके साथ ही अन्य नामों की चर्चाएं भी होने लगी है। फिलहाल देर रात तक सूची का इंतजार नेताओं को रहा। इधर मप्र के सबसे बड़े और आपसी खेमेबाजी के कारण चर्चा में रहे सागर जिले में भी जिलाध्यक्ष को लेकर चल रही खींचतान का बीजेपी ने तोड़ निकाल लिया है। अब सागर के साथ ही दूसरे बड़े जिले धार में दो-दो जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे।

बता दें कि मंदसौर जिले में पैनल के चार नाम राजेश दिक्षीत, अजयसिंह चौहान, अनिल कियावत और गणपतसिंह आंजना बताए जा रहे हैं। चूंकि प्रदेश में भाजपा द्वारा निर्धारित संख्या में महिला जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करना है। ऐसे में जिले से सुषमा आर्य, प्रियंका गोस्वामी का नाम भी पैनल में दिया गया। लेकिन कहीं न कहीं नर्सिंग घोटाले की आंच प्रियंका गोस्वामी के नाम तक पहुंच रही है। इस कारण माना जा रहा है कि पैनल के तीनो नामों को लेकर घमासान चल रहा है। डिप्टी सीएम के खेमे से राजेश दिक्षीत आते हैं तो वहीं गणपत आंजना का नाम सांसद के खेमे से गया है। ऐसे में कहीं न कहीं इन दोनों नामों में से एक पर सहमति बनाने की मशक्कत की जा रही है। इनमें संघ से अजयसिंह चौहान का नाम भी प्रमुख है।

**एमपी में होंगे बीजेपी के 62 संगठनात्मक जिले...**

बीजेपी के संगठनात्मक रूप से मप्र में 60 जिले हैं। सागर और धार में भी शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे। वर्तमान में ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन में ही शहर और ग्रामीण जिलाध्यक्ष हैं। रीवा से अलग कर बनाए गए मऊगंज में जिलाध्यक्ष पहले ही नियुक्त किया जा चुका है। अब सबसे बड़े दो जिलों सागर और धार में भी दो जिलाध्यक्ष होने के बाद एमपी में बीजेपी के 62 संगठनात्मक जिले हो जाएंगे।

इधर सागर में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह और गोपाल भार्गव जैसे दिग्गजों के बीच चल रही खींचतान जिलाध्यक्ष के चुनाव में खुलकर सामने आई है। भूपेन्द्र सिंह की ओर से पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह का नाम जिलाध्यक्ष के लिए आगे बढ़ाया गया था। वहीं वर्तमान जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया फिर से अध्यक्ष बनने के लिए प्रयास कर रहे हैं। संगठन में विवाद खत्म करने के लिए अब शहर में महिला को कमान दी जा सकती है। ऐसे में पूर्व विधायक विनोद पंथी सागर की पहली महिला शहर अध्यक्ष बन सकती हैं। रायशुमारी में भी पंथी के पक्ष में अच्छे रुझान आए हैं।

**आज आ सकती है पहली सूची...**

बीजेपी के जिला अध्यक्षों की पहली सूची आज जारी हो सकती है। जिला अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश प्रतिनिधियों की भी लिस्ट जारी होगी। प्रदेश के करीब 50 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ऐसे में आज 40 से 50 के बीच जिलाध्यक्ष घोषित हो सकते हैं। बताया गया है कि करीब 50 जिलों में बीजेपी के जिलाध्यक्ष को लेकर सहमति बन गई है।

## डेफिशिएंट कालेजों को लेकर असमंजस बरकरार

**मंदसौर, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए 4 हजार से ज्यादा छात्रों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। लेकिन, अभी भी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कितने कॉलेज काउंसलिंग में शामिल होंगे और इनकी कुल कितनी सीट पर प्रवेश दिया जाएगा।

मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल (एमपीएनआरसी) द्वारा आयोजित एडमिशन काउंसलिंग में प्राइवेट कॉलेजों को भी शामिल किया जा रहा है। अब डेफिशिएंट ( जिनमें कमियां पाई गई ) कॉलेजों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि ये कॉलेज काउंसलिंग में शामिल होंगे या नहीं? यदि इन कॉलेजों के संबंध में जल्द निर्णय लिए जाते हैं और ये कॉलेज कमी दूर करते हैं तो सीट संख्या बढ़ सकती है। कॉलेजों का कहना है कि कमेटी को तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि बीएससी नर्सिंग और जीएनएम में प्रवेश के लिए आज 5 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन होंगे। नर्सिंग कॉलेजों की गड़बड़ियों की सीबीआई जांच हुई थी। कॉलेजों को तीन कैटेगरी में बांटा गया। इनमें अनसुटेबल, सुटेबल और डेफिशिएंट शामिल हैं।

डेफिशिएंट कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि उनके संबंध में जल्द निर्णय लिए जाने चाहिए। ताकि वे भी एडमिशन प्रक्रिया में शामिल हो सकें। यदि इन्हें भी मान्यता मिलती है तो करीब 6 हजार सीट बढ़ सकती हैं। मप्र निजी विवि संघ के सेक्रेटरी डॉ. अजीत सिंह पटेल का कहना है कि डेफिशिएंट कॉलेजों ने अपनी कमियां दूर की हैं। इनका प्रमाणीकरण कर मान्यता का जल्द निर्णय लेना चाहिए, ताकि ये 2024-25 की एडमिशन प्रक्रिया में शामिल हो सकें। दरअसल, डेफिशिएंट कॉलेज न तो अनसुटेबल हैं और न ही सुटेबल। इनमें अलग-अलग तरह की कमियां हैं। इसके संबंध में हाईकोर्ट द्वारा बनाई गई तीन सदस्यों की कमेटी को निर्णय लेना है कि इन्हें मान्यता जारी की जा सकती है या नहीं। इसके लिए कुछ कॉलेजों में विजिट हो चुके हैं। इसके बाद कॉलेजों ने अपील भी कर दी है। अपील के बाद निर्णय लिया जाना शेष है। इन कॉलेजों के पास इनके खुद के हॉस्पिटल भी हैं।

## दो युवकों से मारपीट, घायल

**गरोठ, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाना अंतर्गत गांव देथली बुजुर्ग में शनिवार दोपहर 3:30 बजे गांव आक्या कुंवरपर्दा से क्रिकेट खेलने गए दो युवा शैलेंद्र रावत तथा भारत बैरागी के साथ गांव देथली बुजुर्ग के रहने वाले शैतान सिंह पिता हरजी बंजारा, तथा हरजी पिता नाथू बंजारा ने लोहे की राड से मारपीट की जिसमें भारत के हाथ में फैक्चर तथा शैलेंद्र के 10 टाके सर में आए हैं जिनका प्राथमिक उपचार गरोठ इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सालय में किया गया है। शैलेंद्र के चोट गंभीर होने से उसे रेफर करने की संभावनाएं व्यक्ति की जा रही है। थाना प्रभारी मनोज महाजन ने बताया कि गांव डेथली बुजुर्ग में क्रिकेट खेलने गए युवाओं के साथ शौच (पेशाब) की बात को लेकर लोहे की राड से पिता तथा पुत्र ने हमला कर दिया, जिस पर दो आरोपी शैतान तथा उसके पिता हरजी बंजारा के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है!

## एक साल पहले हुई थी शादी, कुए में मिला शव

**नीमच, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के श्मशान के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव कुएं में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर सिटी थाना पुलिस भी पहुंची। इसके बाद रस्सी और चारपाई की मदद से युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला।


मृतक की पहचान विष्णु पिता मांगीलाल रैगर उम्र 30 वर्ष निवासी रिटायर्ड कॉलोनी बघाना के रूप में हुई। मृतक शहर के एचडीएफसी बैंक में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता था। मृतक के बड़े भाई दशरथ वर्मा ने शव की पहचान करते हुए बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे से घर वालों से रात को लेट आने की बोलकर निकला था। लेकिन, सुबह तक नहीं आया। शनिवार सुबह उसकी लाश कुएं में मिली। बताया गया है कि एक साल पहले ही विष्णु का विवाह हुआ था। मौके से मृतक की बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़े अस्पताल लाया गया है। जहां परिजनों के मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं...**

मामले पर सीटी थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि युवक बघाना क्षेत्र का रहने वाला था। इस संबंध में जांच जारी है। परिजनों के बयान और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

## जयवर्धन सिंह के आने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह तो कुछ हताश भी रहे...

**मंदसौर/उज्जैन, 04 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस पुनर्गठन की तैयारी जैसी मुहिम के चलते प्रदेश के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह पर्यवेक्षक बनकर आए तो जिले के कार्यकर्ताओं ने अपना भरपूर उत्साह सार्वजनिक दर्शाया। जिला कांग्रेस कार्यालय में उनका स्वागत शानदार रहा पर कार्यक्रम सतही रहा। किसी कार्यकर्ता पदाधिकारी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया। अपने उद्बोधन मे संगठन की बात कह कर चले गए। जबकि, अनेक पदाधिकारी संगठन की गतिविधियों से ही पर्यवेक्षक को अवगत कराना चाहते थे। जिले भर के विधानसभा, जिला पंचायत, जनपद वार्ड तक के कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने बड़ी उम्मीद से शिरकत की थी। कांग्रेस कार्यालय गांधी चौराहे पर जयवर्धन के आगमन पर वर्षों बाद सम्मानजनक भीड़ और कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया था। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे होने के कारण आम जनमानस में भी परिचय का अभाव नजर नहीं आया।


चन्द्रमोहन भगत

कांग्रेस कार्यकर्ता तो बहुत खुश थे की नई जिला संगठन के गठन की जिम्मेदारी भी एक युवा नेता के जिम्मे है। इसलिए किसी बेहतर अनुभवी का चयन होगा। बहरहाल उम्मीद और आस जिले भर के कांग्रेसियों ने जयवर्धन से लगा रखी है। कारण भी साफ है कि बीते समय में बटुक शंकर जोशी मुजीब कुरेशी, प्रेमचंद गुड्डू, अर्चना जायसवाल, दिनेश जैन बॉस जिले के प्रभारी बनते रहे। पर कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पाए थे। इस कारण जनसाख में भी इजाफा नहीं हुआ था। इन सभी प्रभारियों की पहली यात्रा के मुकाबले जयवर्धन की पहली यात्रा में कार्यकर्ताओं की संख्या के साथ उत्साह भी नजर आया था।

जिन में उत्साह नजर आया था, उन्हीं में से कुछ में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद यह हताशा भी थी कि किसी को भी कुछ बोलने का अवसर नहीं दिया गया। कांतिलाल राठौर जैसे वरिष्ठ नेता भी कुछ बोलने के लिए खड़े हुए थे। किन्तु, अनुशासन का हवाला देकर बैठा दिया था। इसके अलावा जिला बहुत फैला हुआ है, गरोठ भानपुरा की दूरी 100-125 किलोमीटर होगी और सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ़ इनकी दूरी औसत 40 से 70 किलोमीटर तक होगी। ऐसे में क्षेत्रीय भावी नेता अपने समर्थकों की टीम लेकर दो से अधिक वाहनों में जूगत कर लाए थे। महंगाई के दौर में पैसा खर्च कर जिला मुख्यालय तक आना और सिर्फ पर्यवेक्षक को सुनना महंगा पड़ गया। कार्यालय के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कार्यकर्ताओं को यह कहते सुना भी सुना गया कि सिर्फ अपनी ही सुनाना था तो मोबाइल पर ही मुख्यालय से संदेश भेज देते। बिना खर्च किए सुन लेते। चूंकि मुख्यालय का संदेश रहता इसलिए सभी अनुपालन भी करते, दिनभर की मशक्कत और शक्ति प्रदर्शन में समय जाया नहीं होता।

इसके विपरीत जिला कांग्रेस प्रवक्ता राज नारायण लाड़ ने कहा कि कार्यालय के बाद सभी को सर्किट हाउस बुलाया था। वहां हमारे नेता ने सभी क्षेत्र के कार्यकर्ता समूह से अलग-अलग खासा समय देकर आपकी चर्चाएं की थी। बाहरी क्षेत्र के जितने भी नेता कार्यकर्ता आए थे, सभी जयवर्धन सिंह से मुलाकात कर संतुष्ट थे। आगामी 6-7 जनवरी को ब्लॉकों में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी करने वाले हैं।

